डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

25 मार्च 2026
बुधवार





आस्था का अद्भुत संगम : अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य, अब उदीयमान भास्कर की प्रतीक्षा में डुमरांव 2




## एक नजर

### देश में 18 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र : स्वास्थ्य मंत्री नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने संसद में बताया कि देशभर में 18,646 जन औषधि केंद्र हैं, जो लोगों को सस्ती कीमतों पर जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराते हैं। राज्यसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना 2008 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन उन्होंने अफसोस जताया कि 2014 तक केवल 80 जनऔषधि केंद्र खोले गए थे। नड्डा ने बताया कि यह योजना मोदी सरकार के तहत बड़े पैमाने पर सफल हुई है। 28 फरवरी, 2026 तक देशभर में 18,646 जन औषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 2,370 जन औषधि केंद्र सरकारी अस्पतालों में खोले गए हैं, जो दवाएं ब्रांडेड दवाओं की कीमतों से लगभग 50-80 प्रतिशत सस्ती दरों पर उपलब्ध कराते हैं। नड्डा ने कहा, 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत 2,110 दवाएं और 315 सर्जिकल, चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएं और उपकरण शामिल हैं, जो सभी प्रमुख चिकित्सा समूहों को कवर करते हैं, जैसे कि हृदय संबंधी, कैंसर विरोधी, मधुमेह विरोधी, संक्रामक रोगों, एलर्जी विरोधी व पाचन संबंधी दवाएं और न्यूट्रास्यूटिकल्स।

### रसोई में खत्म नहीं होगी एलपीजी, सरकार ने कर लिया पूरा इंतजाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तीन हफ्तों से जंग जारी है। इससे दुनियाभर में संकट छा गया है। भारत में भी कुछ वक्त के लिए इसका थोड़ा असर दिखा था। क्योंकि जंग के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। जिससे तेल-गैस के साथ-साथ कृषि उत्पादों का आयात प्रभावित हुआ है। हालांकि, दुनियाभर में जारी इस अनिश्चितता के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा और कृषि सुरक्षा को लेकर एक बेहद मजबूत मोर्चा तैयार कर लिया है। पेट्रोलियम और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि देश में एलपीजी, पेट्रोल-डीजल और खेती के लिए जरूरी खादों की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है।

## महिला आरक्षण कानून पर विपक्ष की मांग

- पांचों राज्यों में चुनाव के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार
- 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 से लागू करने के लिए महिला आरक्षण कानून में संशोधन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्षी दलों ने संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 से लागू करने के लिए महिला आरक्षण कानून में संशोधन बिल लाने से पहले इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में विपक्षी दलों की सोमवार को हुई बैठक के बाद 15 विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार को साझा पत्र भेजकर यह मांग करते हुए पांच राज्यों के चुनाव उपरांत 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए कहा है। केंद्र सरकार महिला आरक्षण कानून में बदलाव के साथ लोकसभा सीटों के नए सिरे से परिसीमन से संबंधित दो विधेयक मौजूदा बजट सत्र में ही लाने की तैयारी कर रही है। इस प्रस्तावित परिसीमन के बाद लोकसभा में सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए 15 वर्ष के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण को आगे बढ़ाने की जरूरत का फैसला संसद करेगी। सरकार ने इसके मद्देनजर ही कुछ विपक्षी पार्टियों से बातचीत की पहल शुरू की है। पांच राज्यों के चुनावों के बीच सरकार की अचानक महिला आरक्षण की पहल में छिपी सियासत को भांपने की कोशिश कर रहे विपक्षी दलों ने इसके मद्देनजर ही सर्वदलीय बैठक से लेकर प्रस्तावित संशोधन की रूपरेखा साझा करने की सरकार से मांग की है।विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण कानून में संशोधन पर 2029 से 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से पहले सर्वदलीय बैठक की मांग की है। मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में 15 दलों ने सरकार को पत्र लिखकर पांच राज्यों के चुनाव के बाद (29 अप्रैल के बाद) चर्चा बुलाने को कहा है।

### खरगे ने किरेन रिजीजू को लिखी चिट्ठी

राज्यसभा में नेता विपक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ सोमवार को विपक्षी नेताओं की हुई बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू को यह संयुक्त पत्र भेजा गया। पत्र में खरगे ने 16 मार्च 2026 को रिजीजू को लिखी अपनी चिट्ठी की याद दिलाते हुए कहा है कि इस मसले पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जल्द एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाने की जरूरत है, ताकि आपकी इच्छा के अनुसार, नारी वंदन अधिनियम 2023 को लागू करने के तरीकों और रोडमैप पर चर्चा की जा सके। मालूम हो कि रिजीजू ने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखकर महिला आरक्षण बिल में प्रस्तावित संशोधन पर मुख्य विपक्षी दल से चर्चा की बात कही थी।

## किसानों की आय में आठ गुना तक हुई बढ़ोतरी: कृषि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने दावा किया है कि पिछले एक दशक में किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुछ मामलों में यह तीन से चार गुना तक बढ़ी है। कुछ उदाहरण ऐसे भी हैं, जहां आय आठ गुना तक बढ़ने की बात सामने आई है। हालांकि वैसे किसानों ने ज्यादा आय अर्जित की है जिन्होंने परंपरागत खेती को छोड़कर नवाचार का सहारा लिया और फसल विविधिकरण को प्राथमिकता दी। लोकसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार की नीतियों का असर कृषि क्षेत्र पर पड़ा है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय करने का निर्णय किसानों के हित में बड़ा कदम साबित हुआ है। विपक्ष के कई सदस्यों की ओर से सवाल था कि सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी होने की बात कही थी लेकिन ऐसा क्यों नहीं हुआ है। शिवराज ने अपने जवाब में सरकार की ओर से उठाए जिन किसानों ने पारंपरिक अनाज उत्पादन से हटकर बागवानी, दलहन, तिलहन या अन्य नकदी फसलों की ओर रुख किया, उनकी आय में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई है। यह संकेत देता है कि नीति का प्रभाव तभी अधिक होता है जब किसान नवाचार अपनाने में सक्षम हों।

## राशन कार्ड वाली महिलाओं को फ्रिज, दाल-तेल से लेकर 10 हजार रुपये तक देने का वादा

# एआईएडीएमके का घोषणा पत्र जारी, वादों की लगाई झड़ी



एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पडी पलानीस्वामी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कुल 297 वादे किए

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले एआईएडीएमके ने अपना घोषणा पत्र जारी कर बड़ा चुनावी दांव खेला है। पार्टी ने आम जनता, खासकर महिलाओं और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए कई बड़े वादे किए हैं। मुफ्त फ्रिज, नकद सहायता और राशन में अतिरिक्त सुविधाओं जैसे ऐलानों के जरिए पार्टी ने सीधे वोटरों को साधने की रणनीति बनाई है। एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पडी पलानीस्वामी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए बताया कि इसमें कुल 297 वादे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र समाज के हर वर्ग से सुझाव लेकर तैयार किया गया है। इसमें महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए राहत देने पर जोर दिया गया है। पार्टी ने हर परिवार को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा किया है ताकि टैक्स और बढ़ती कीमतों का बोझ कम हो सके। एआईएडीएमके ने राशन कार्ड धारकों को अतिरिक्त राहत देने का भी ऐलान किया है। चावल के साथ हर महीने 1 किलो दाल और एक लीटर कुकिंग ऑयल मुफ्त दिया जाएगा। इसके अलावा बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर दो हजार रुपये करने और बेघर लोगों के लिए मुफ्त पक्के घर बनाने का वादा किया गया है। यह कदम सीधे गरीब और जरूरतमंद वर्ग को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

### हर परिवार को आर्थिक सहायता

हर परिवार को 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता। महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये सहायता। हर साल तीन फ्री गैस सिलिंडर राशन कार्ड वाली महिला मुखिया को मुफ्त फ्रिज। चावल के साथ 1 किलो दाल और 1 लीटर कुकिंग ऑयल मुफ्त। कामकाजी महिलाओं को 25,000 रुपये सब्सिडी पर अम्मा स्कूटर। शहरों में पुरुषों को भी मुफ्त बस यात्रा। बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर 2000 रुपये। बेघर परिवारों को अम्मा फ्री हाउस योजना के तहत पक्का घर। बेरोजगार ग्रेजुएट्स को 2,000 रुपये मासिक भत्ता। युवाओं को बिजनेस शुरू करने के लिए 25 लाख रुपये तक लोन। रोजगार में तमिलों को प्राथमिकता देने के लिए कानून। ग्रामीण रोजगार योजना को 150 दिन तक बढ़ाना। 10 साल से काम कर रही नर्सों को स्थायी करना। शराब की दुकानों को धीरे-धीरे बंद करना।

### युवाओं और रोजगार पर भी ध्यान

घोषणा पत्र में युवाओं के लिए भी कई योजनाएं शामिल हैं। नए कारोबार शुरू करने के लिए युवाओं को 25 लाख रुपये तक का लोन देने की बात कही गई है। बेरोजगार ग्रेजुएट्स को हर महीने दो हजार रुपये भत्ता देने का वादा किया गया है। साथ ही रोजगार में तमिलों को प्राथमिकता देने के लिए कानून लाने की बात भी कही गई है। एआईएडीएमके ने कई अन्य अहम घोषणाएं भी की हैं। शहरों में पुरुषों को भी मुफ्त बस यात्रा देने, ग्रामीण रोजगार योजना को 150 दिन तक बढ़ाने और शराब की दुकानों को धीरे-धीरे बंद करने का वादा किया गया है। लंबे समय से काम कर रही नर्सों को स्थायी करने की भी घोषणा की गई है। इन सभी वादों के जरिए पार्टी ने व्यापक स्तर पर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की है।

## कमल हासन का बड़ा फैसला : मक्कल निधि मय्यम नहीं लड़ेगी तमिलनाडु चुनाव

**एजेंसी। चेन्नई**



मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) के संस्थापक और प्रमुख अभिनेता कमल हासन ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में सीधे तौर पर कोई सीट नहीं लड़ेगी और डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के उम्मीदवारों को बिना शर्त समर्थन देगी। कमल हासन ने अपने बयान में कहा, "पिछले संसदीय चुनावों में हमने देश के कल्याण के लिए डीएमके नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने का फैसला किया था। हमने गठबंधन की जीत के लिए अथक परिश्रम किया और राज्यसभा में एमएनएम की आवाज सुनी गई। तब से हम अपनी पहचान से समझौता किए बिना गठबंधन के सिद्धांतों को बनाए रख रहे हैं।" 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर दो चरणों में बातचीत हुई। कमल हासन ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और डीएमके नेताओं द्वारा दिखाए गए सम्मान और सौहार्दपूर्ण व्यवहार की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनौतीपूर्ण माहौल में गठबंधन की जीत सर्वोपरि है, लेकिन एमएनएम को दी गई सीटों की संख्या और ह्यउगता सूरजह्न चिह्न के तहत चुनाव लड़ने का सुझाव पार्टी के लिए स्वीकार्य नहीं था। हमारे कार्यकताओं और 'बैटरी टॉर्च' चुनाव चिह्न के बीच गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। यह मात्र एक चिह्न नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। मैं नौ वर्षों से मेरे साथ खड़े निस्वार्थ कार्यकताओं की भावनाओं की उपेक्षा नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि तमिलनाडु के अधिकारों का हनन हो रहा है और ऐसे समय में 'हमारा हिस्सा क्या है?' पूछना सही नहीं होगा। यह बलिदान नहीं, बल्कि कर्तव्य है। कमल हासन ने इसे नई राजनीतिक संस्कृति का बीज बताया और कहा कि प्रेमपूर्वक दी गई चीज को सम्मान से अस्वीकार करना भी स्नेह का रूप है। कमल हासन ने घोषणा की, "हम खुले तौर पर कहते हैं कि मक्कल निधि मय्यम 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में सीधे चुनाव नहीं लड़ेगी और डीएमके गठबंधन के उम्मीदवारों को बिना शर्त समर्थन देगी।

## सड़क से संसद तक ट्रांसजेंडर बिल पर विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्रांसजेंडर विधेयक भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ट्रांसजेंडर (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 हाल ही में संसद में पेश किया गया है, जिसमें ट्रांसजेंटरों की परिभाषा में बदलाव किया जा रहा है। संसद से सड़क तक इसका विरोध शुरू हो गया है। विपक्षी सांसदों और ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकताओं ने सरकार से ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 को वापस लेने की मांग की। उनका कहना है कि प्रस्तावित संशोधन से ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकार कमजोर हो सकते हैं। क्या है इस ट्रांसजेंडर विधेयक का मकसद और क्यों हो रहा इसका विरोध आइए आपको बताते हैं। ट्रांसजेंडर विधेयक को वापस लेने की मांग प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक जन सुनवाई में की गई, जहां ट्रांसजेंडर लोगों पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंता जताई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 13 मार्च को लोकसभा में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक पेश किया था। इस विधेयक का मकसद उद्देश्य ट्रांसजेंडर शब्द की सटीक परिभाषा देना है। यह प्रस्तावित कानून के दायरे से विभिन्न यौन अभिरूचि और स्वयं-निर्धारित लैंगिक पहचान को बाहर रखने का भी प्रावधान करता है।









# आस्था का अद्भुत संगम : अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य, अब उदीयमान भास्कर की प्रतीक्षा में डुमरांव



**केटी न्यूज/डुमरांव**

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पर मंगलवार की संध्या डुमरांव पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। अब बुधवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह चार दिवसीय महापर्व विधिवत संपन्न हो जाएगा।

छठ पर्व के तीसरे दिन जैसे ही सूर्य अस्त की ओर बढ़ा, वैसे ही शहर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। डुमरांव के प्रसिद्ध छठिया पोखरा, नया तालाब, जंगलीनाथ मंदिर के तालाब, रामसूरत राय के पोखरा और पुराना भोजपुर स्थित भैसही नदी तट पर व्रतियों ने पूरे विधि-विधान के साथ अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर दीपों की रोशनी, लोकगीतों की मधुर ध्वनि और श्रद्धा से भरे चेहरों ने माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत की शुरूआत नहाय-खाय से होती है, जिसके बाद खरना का आयोजन किया जाता है। इसके पश्चात 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर व्रती अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। यह व्रत न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि आत्मसंयम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भी संदेश देता है। हालांकि, इस बार नगर परिषद द्वारा छठिया पोखरा की सफाई कराई गई थी, लेकिन कई श्रद्धालुओं ने घाटों तक जाने वाले रास्तों की साफ-सफाई को लेकर असंतोष जताया। लोगों का कहना था कि घाट तो साफ थे, परंतु रास्तों की स्थिति बेहतर की जा सकती थी, जिससे श्रद्धालुओं को और सुविधा मिलती। नया तालाब घाट पर पूरे परिवार के साथ छठ कर रहे भाजपा के जिला प्रवक्ता शक्ति राय ने बताया कि छठ पर्व उनकी आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज में एकता, समर्पण और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। विभिन्न घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जो लगातार निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे थे।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी चैती छठ को लेकर खासा उत्साह देखा गया। गांव-गांव में लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इस पर्व को मना रहे हैं। अब सभी की निगाहें बुधवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दिए जाने वाले अंतिम अर्घ्य पर टिकी हैं, जिसके साथ ही यह महापर्व श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के संदेश के साथ संपन्न हो जाएगा।

## छठ घाटों पर सख्त निगरानी, सुरक्षा चाक-चौबंद कर पुलिस ने बढ़ाया भरोसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



चैती छठ महापर्व के मद्देनजर नया भोजपुर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए विभिन्न छठ घाटों पर व्यापक निरीक्षण और सुरक्षा इंतजामों को मजबूत किया गया, जिससे व्रतियों में भरोसे का माहौल बना रहा। मंगलवार को थानाध्यक्ष चंदन कुमार और अपर थानाध्यक्ष सुमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के प्रमुख घाटों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नावाडेरा, गोपाल डेरा, प्रताप सागर, चिलहरी, पुराना भोजपुर और नया भोजपुर के घाटों पर विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने घाटों तक जाने वाले अस्थायी मार्ग, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और जलस्तर की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा भीड़ नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई थी। जवानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्था सुचारु बनी रहे। रात के समय भी पेट्रोलिंग बढ़ाई गई, खासकर संवेदनशील घाटों पर लगातार निगरानी रखी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों से संवाद कर सहयोग की अपील की। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने को कहा गया। सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के चलते घाटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने संतोष व्यक्त किया और पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

## घाटों पर उमड़ी आस्था की भीड़, व्रतियों ने भगवान भास्कर को दिया पहला अर्घ्य

**केटी न्यूज/केसठ**

सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर मंगलवार को व्रतियों ने भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही व्रती पारंपरिक वेशभूषा में पूजा-अर्चना करते नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।प्रखंड परिसर पोखरा, केसठ स्थित छठ घाट पर छठ पूजा सेवा समिति द्वारा व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न घाटों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समिति के सभी सदस्य पूरी तत्परता से सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि घाटों पर हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और सहज तरीके से पूजा संपन्न कर सकें। वही बुधवार को भगवान भास्कर को दूसरी अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।घाटों की ओर जाते समय व्रतियों में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। महिलाएं सिर पर दौरा और प्रसाद लेकर पारंपरिक छठ गीत गाते हुए श्रद्धा के साथ घाटों की ओर बढ़ती नजर आईं। ह्लकेलवा के पात पर उगेलन सूरज देवह्व जैसे लोकगीतों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान गांव के युवकों ने व्रतियों के माथे पर रखे दौरा को उठाकर घाट तक पहुंचाने में सहयोग किया, जिसे वे अपना सौभाग्य मानते हैं। युवकों का कहना था कि छठ व्रतियों की सेवा करना उनके लिए गर्व और पुण्य का कार्य है। रास्ते भर श्रद्धालुओं की भीड़ और छठ गीतों की गूंज ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जिससे पर्व की गरिमा और भी बढ़ गई।

## स्वच्छता कर्मियों ने किया घाटों की सफाई, छठ पर्व को लेकर चला विशेष अभियान

**केसठ।** चैती छठ पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों द्वारा विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान प्रखंड परिसर स्थित पोखरा घाट और मिठाइयां पुल घाट को विशेष रूप से साफ कर व्यवस्थित किया गया, ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी ने बताया कि मुखिया के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घाटों की सफाई के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को देखते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की है।

## धूल से घुट रही हरियाली शहर के पेड़ों पर बढ़ता प्रदूषण का खतरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में बढ़ते प्रदूषण का असर अब एक नए रूप में सामने आ रहा है। जहां आमतौर पर प्रदूषण को इंसानों की सेहत से जोड़कर देखा जाता है, वहीं अब यह शहर की हरियाली को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। डुमरांव के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर लगे पेड़ों की पत्तियों पर जमी धूल की मोटी परत इस बदलती तस्वीर को साफ दिखा रही है। एनएच 120 के स्टेशन रोड, टीचर ट्रेनिंग रोड, जंगलीनाथ महादेव मार्ग, अनुमंडल रोड और काली मंदिर रोड जैसे व्यस्त इलाकों में पेड़ों की हरियाली धुंधली पड़ती जा रही है। पेड़ दूर से हरे कम और मटमैले अधिक नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ते वाहन, अधूरे निर्माण कार्य और उड़ती धूल इसके प्रमुख कारण हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह केवल सौंदर्य का मुद्दा नहीं बल्कि पर्यावरणीय संकट का संकेत है। पेड़ों की पत्तियों पर धूल जमने से प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रभावित होती है, जिससे पेड़ों की भोजन बनाने की क्षमता घट जाती है। इसके साथ ही पत्तियों के सूक्ष्म छिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे उनका श्वसन भी बाधित होता है। इसका सीधा असर पेड़ों की वृद्धि और जीवन शक्ति पर पड़ता है। पर्यावरण जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो शहर की हरियाली तेजी से कमजोर हो सकती है, जिससे वायु गुणवत्ता और बिगड़ेगी।

इस समस्या के समाधान के लिए सड़कों की नियमित सफाई, पानी का छिड़काव और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण जरूरी बताया जा रहा है। साथ ही, वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण पर सख्ती से नियंत्रण और पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित करना भी बेहद आवश्यक है।

## चैता कार्यक्रम के बाद गिरिधर बरांव पैक्स अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

- पुरानी रंजिश की आशंका, चार नामजद, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज

**केटी न्यूज/नावानगर**



सोनवर्षा थाना क्षेत्र के गिरधर बरांव गांव में चैता गायन कार्यक्रम के बाद पैक्स अध्यक्ष सुदामा प्रसाद पर हुए जानलेवा हमले ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। मंगलवार की अहले सुबह हुई इस घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं, जबकि पुलिस भी पुरानी रंजिश के एंगल से मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सोमवार की रात गांव के काली मंदिर परिसर में चैता गायन का आयोजन किया गया था, जिसका नेतृत्व स्वयं पैक्स अध्यक्ष कर रहे थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से देर रात तक चलता रहा, लेकिन सुबह करीब चार बजे अचानक माहौल बदल गया। सुदामा प्रसाद शौच के लिए जैसे ही मंदिर परिसर से बाहर निकले, पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली उनकी जांघ में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें आरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना के बाद गांव में सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। इधर घायल पैक्स अध्यक्ष के बयान के आधार पर गांव के ही मनोज यादव समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सोनवर्षा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## नप की लापरवाही से विष्णू मंदिर से दुगार्मंदिर तक जाने वाले रास्ता का हो गया है अतिक्रमण



- रोड और फुटपाथ का अतिक्रमण हो जाने से लोगों को पैदल चलना मुश्किल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद की लापरवाही से अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद होते जा रहा है। वाहन क्या पैदल भी चलना लोगों का मश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्टेशन रोड में विष्णू मंदिर से रेलवे स्टेशन जाने तक वाले सड़क की है। इस रोड में शीलकुटवा बस्ती के लोगों के द्वारा पुरे फुटपाथ पर कब्जा कर मशाला पिसने वाला सील और लोढ़ा की दुकान खोल दिया गया है। इतना ही नहीं विष्णू मंदिर से दुगार्मंदिर तक रोड पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिससे छोटे और बड़े वाहनों को आने-जाने में परेशानी होती है। नाला नहीं होने से घरों का पानी रोड पर गिरने से जलजमाव की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। मालूम हो कि स्टेशन रोड की स्थिति मां डुमरेजिन मंदिर प्रवेश द्वारा से पुराना भोजपुर चौक तक की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। एनएच-120 की बात कर नप इसे नहीं बना रहा है, लेकिन विष्णू मंदिर से दुगार्मंदिर तक का रोड एनएच का नहीं है, बावजूद नप इसे बनाने की दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठा रहा है। ट्रेन पकड़ने के लिये जाने में विष्णू मंदिर से दुगार्मंदिर तक और उतरने के बाद दुगार्मंदिर से विष्णू मंदिर तक जाने में यात्रियों को भारी परेशानी होती है। शील कुटवा बस्ती के पास फुटपाथ का पूरी तरह से कब्जा कर लिया गया है और रोड तक चले आए हैं। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि यात्रियों और वाहनों को आने-जाने में कितनी परेशानी होती होगी। लोगों की मांग है कि नप को चाहिए की जो इसके अधीन रोड है, उसे सही करा दें, जिससे की वाहन चालकों और यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो।






# बिहार दिवस समापन पर डुमरांव में सांस्कृतिक महोत्सव की धूम, छात्र-छात्राओं ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

- **संगीत, नृत्य और कला प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मान, इंटर टॉपर्स भी हुईं सम्मानित**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार दिवस के तीन दिवसीय आयोजन का समापन मंगलवार को डुमरांव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। राज प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित कला एवं संस्कृति भवन में आयोजित इस समारोह ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीत के सात सुरों से हुई, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा। राज उच्च विद्यालय के संगीत शिक्षक ब्रजेश सर के मार्गदर्शन में ओंकार दूबे, अमित कुमार, ज्योति कुमारी और ऐश्वर्या मिश्रा ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। संगीत के साथ-साथ नृत्य प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पीएसएसएस डुमरांव, उच्च विद्यालय नुआंव, राज उच्च विद्यालय समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक और एकल नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हर प्रस्तुति में प्रतिभा, ऊर्जा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके हाथों चित्रकला, वाद-विवाद, मूर्तिकला, क्विज, रंगोली और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधांशु कुमार की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले की टॉपर छात्राओं का सम्मान रहा। वाणिज्य संकाय से स्नेहा कुमारी राज प्लस टू उच्च विद्यालय और कला संकाय से संगम कुमारी उच्च विद्यालय कोरान सराय को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पूर्णानंद मिश्र ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि आयोजन की देखरेख विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र द्वारा की गई। इस मौके पर शैलेंद्र पांडे, नवीन तिवारी, निर्भय यादव, पल्लवी कुमारी, डॉ. संजय रंजन सिन्हा, के.के. ओझा, तेज प्रताप सिंह, नसीफा नाज, दिव्या कुमारी, रीना सिंह, परमजीत राम, उमेश कुमार, ऋत्विक ओझा, हर्षित, बिंदु श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार, सोनम, मुकेश कुमार नेगी, दीप्ति कुमारी सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के इस भव्य समापन ने बिहार दिवस के उत्साह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान किया।

# चौसा चेक पोस्ट पर सख्ती : डिजायर कार से भारी मात्रा में शराब बरामद, दो गिरफ्तार



**केटी न्यूज/चौसा**

बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी के बीच उत्पाद विभाग ने चौसा चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। विभाग की टीम ने एक संदिग्ध डिजायर कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से विभिन्न ब्रांड की कुल 89.76 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई के दौरान कार सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, एएसआई सृष्टि कुमारी के नेतृत्व में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बीआर 01 एचआर-6589 नंबर की एक कार पर शक होने पर उसे रोका गया। जांच के दौरान वाहन से 180 एमएल की सात पेटियों में 60.480 लीटर ऑफिसर चॉइस शराब, 180 एमएल की दो पेटियों में 17.280 लीटर अन्य ब्रांड की शराब तथा 500 एमएल की एक पेटी में 12 लीटर बीयर बरामद हुई। कुल मिलाकर 89.76 लीटर शराब जब्त की गई। उत्पाद निरीक्षक देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर मुकुंद निवासी रामा शंकर राय और फुलवरिया निवासी रविन्द्र राय के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शराबबंदी के बावजूद तस्कर लगातार नए-नए तरीके अपनाकर शराब की आपूर्ति करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा लगातार चेक पोस्टों पर सख्ती बरती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## वीर कुंवर सिंह सेतू से शराब लदी कंटेनर जब्त, एक गिरफ्तार, मुख्य सरगना की तलाश में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/बक्सर**

उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवा की सुबह वीर कुंवर सिंह सेतू पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शराब लदी एक कंटेनर को जब्त किया है। वहीं, पुलिस ने ट्रक चालक सह तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी दौरान एक छह चक्का ट्रक जिसका रजिस्टेज्शन नंबर डी 11 एमबी 5409 यूपी की तरफ से आती दिखाई पड़ी। उत्पाद टीम ने जब उसे रूकवा कर चालक से पूछताछ शुरू की तो वह घबराने लगा। इसके बाद टीम ने उसे हिरासत में ले स्कैनर से ट्रक की पड़ताल की तो उसमें शराब की पेटियां नजर आई। जिसके बाद उत्पाद की टीम ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के करौंदी कला थाना क्षेत्र के गोपालपुर सराय ख्वाजा गांव निवासी सद्दाम हुसैन पिता नबाव अली के रूप में हुई है। उत्पाद टीम ने जब ट्रक की पड़ताल की तो उसमें से विभिन्न ब्रांड की 862.560 लीटर मिली, जिसका बाजार मूल्य लाखों रूपए आंकी गई है। चालक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम उससे पूछताछ के आधार पर मुख्य सरगना को पकड़ने की फिराक में जुट गई है। उत्पाद निरीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शराब लदी कंटेनर को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह सेतू पर उत्पाद टीम हर समय मुश्तैद रहती है।

## बलिहार से शराब की खेप बरामद, तस्कर फरार

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के बलिहार गांव में छापेमारी कर एक घर से दबंग 171 पिस, 8 पीएम फ्रूटी पैक 144 पिस तथा 12 पिस रॉयल स्टैग 375 एमएल की शराब की बोतले बरामद की है।

छापेमारी की यह कार्रवाई बलिहार के वार्ड 15 स्थित भोला राम के घर की गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान पुलिस के आने की भनक लगते ही भोला फरार हो गया।

सिमरी थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा कि भोला के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## एक नजर

### महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाया ज्ञान का दम




**केटी न्यूज/बक्सर**

शैक्षणिक उन्नयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को एक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर स्थित मानस के प्रथम तल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों एवं सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता और प्रतियोगी भावना को विकसित करना था। पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए वीक्षकों की विशेष निगरानी रही। वीक्षक के रूप में डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. आलोक कुमार चतुर्वेदी, डॉ. नवीन शंकर पाठक, डॉ. प्रियरंजन चौबे, डॉ. निशांत कुमार और सुमित कुमार ने अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णा कान्त सिंह ने निरीक्षण करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि महाविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। वहीं आयोजन से जुड़े सहायक प्राध्यापक डॉ. अरविंद वर्मा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता छात्रों के ज्ञान को परखने और बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। डॉ. प्रियरंजन ने इसे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने वाला मंच बताया, जबकि डॉ. आलोक कुमार चतुर्वेदी ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी को कार्यक्रम की सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार ने स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग की सराहना की और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डुमरांव में मच्छरों का बढ़ा प्रकोप फॉगिंग नहीं होने से लोग परेशान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में जलजमाव और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे नगरवासियों की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हालात यह हैं कि शाम होते ही मच्छरों का आतंक इतना बढ़ जाता है कि लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो रहा है। मच्छरों के काटने से लोग बीमार पड़ रहे हैं, जिसमें बच्चों की संख्या अधिक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद के पास सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद मच्छरों के नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कई नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद के पास फॉगिंग मशीन मौजूद है, जिसके माध्यम से नियमित दवा का छिड़काव कर मच्छरों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि शहर में नियमित रूप से कूड़ा उठाव नहीं हो रहा है, जिससे जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साथ ही नालियों की सफाई भी समय पर नहीं होने के कारण जलजमाव की समस्या बनी रहती है, जो मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है। लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि जल्द से जल्द फॉगिंग कराई जाए और साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही नियमित कूड़ा उठाव, नालियों की सफाई और जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि शहरवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## कारीगरों को डिजिटल और बाजार से जोड़ने की पहल नई संभावनाओं के द्वार खुले

**चक्की।** प्रखंड कार्यालय चक्की में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम ने पारंपरिक कारीगरों के लिए नए अवसरों की राह खोल दी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हुए इस आयोजन में कारीगरों और युवाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल लेनदेन और बाजार से जुड़ने के तरीके सिखाए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि अब कारीगर अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापक बाजार तक पहुंचा सकते हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि संभव है। कार्यक्रम में उद्यम पंजीकरण, क्यूआर कोड निर्माण और ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया गया। साथ ही, बैंकिंग सेवाओं और आसान ऋण सुविधा की जानकारी देकर प्रतिभागियों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके कौशल को नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## महंगाई और गैस संकट पर कांग्रेस ने किया उग्र प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा

- **बक्सर में पुतला दहन, सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भागीदारी, राहत नहीं मिली तो आंदोलन होगा और तेज**




**केटी न्यूज/बक्सर**


महंगाई और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। दोपहर साढ़े बारह बजे शुरू हुए इस आंदोलन में कार्यकताओं ने शहर के सिंडिकेट इलाके में जोरदार नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया। करीब डेढ़ बजे पुतला दहन किया गया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यालय में आमसभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. मनोज पांडेय ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार से कराह रही है। रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है और जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। डॉ. पांडेय ने चेतावनी दी कि जब तक गैस की कीमतों में राहत नहीं दी जाती और महंगाई पर नियंत्रण नहीं होता, तब तक कांग्रेस का यह आंदोलन जारी रहेगा और इसे चरणबद्ध तरीके से और व्यापक बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मृणाल अनामय ने भी केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि गलत नीतियों के कारण देश की आम जनता, किसान और मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर इस आंदोलन को और मजबूत करने का आह्वान किया। प्रदर्शन में जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, मुन्ना पांडे, ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद मौर्य, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष निर्मला देवी सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं और आम नागरिकों की भागीदारी ने इस आंदोलन को और प्रभावशाली बना दिया। कांग्रेस नेताओं ने साफ किया कि यह प्रदर्शन सिर्फ एक शुरूआत है। यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई और रसोई गैस संकट पर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज होगा। यह विरोध प्रदर्शन साफ संकेत देता है कि महंगाई का मुद्दा अब राजनीतिक रूप से गरमाता जा रहा है और विपक्ष इसे बड़े जनआंदोलन में बदलने की तैयारी में है।

# कागजों में इलाज, जमीन पर ताले: बक्सर और डुमरांव के आईसीयू और एमएनसीयू वर्षों से ठप

- **करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं मिली राहत, स्टाफ की कमी और लापरवाही से जूझ रही स्वास्थ्य व्यवस्था, सीएम से हस्तक्षेप की मांग**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार किए गए अत्याधुनिक चिकित्सा इकाइयों–बक्सर सदर अस्पताल का आईसीयू और डुमरांव अनुमंडल अस्पताल का मातृ एवं नवजात गहन चिकित्सा केंद्र (एमएनसीयू) वर्षों से बंद पड़े हैं। हालात यह हैं कि कागजों में ये सुविधाएं चालू दिखती हैं, लेकिन हकीकत में इन पर ताले लटके हैं।

मंगलवार को डुमरांव के समाजसेवी हरेकृष्ण सिंह यादव ने एसडीएम राकेश कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र भेजकर इन दोनों इकाइयों को तत्काल शुरू कराने की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग लगातार भ्रामक दावे कर रहे हैं, जबकि आम मरीजों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा।

बताया जाता है कि बक्सर सदर अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू तैयार करने में भारी राशि खर्च की गई। आधुनिक मशीनें और मॉनिटर भी लगाए गए, लेकिन आवश्यक विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टाफ की कमी के कारण यह यूनिट शुरू ही नहीं हो सकी। स्थिति यह है कि महंगी मशीनें इस्तेमाल के अभाव में खराब होने की कगार पर पहुंच गई हैं। नतीजतन, गंभीर मरीजों को आज भी पटना, वाराणसी या आरा रेफर करना मजबूरी बनी हुई है।

विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आईसीयू चालू होने का दावा किया गया था, लेकिन स्थानीय स्तर पर यह दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो एनेस्थीसिया विशेषज्ञ समेत जरूरी मानव संसाधन की अनुपलब्धता इस विफलता की मुख्य वजह है।

इसी तरह डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में बना एमएनसीयू भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। करीब चार साल पहले तैयार इस भवन का उद्घाटन भी बड़े स्तर पर किया गया था, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर इस पर ताला लग गया। आधुनिक उपकरणों से लैस इस यूनिट को चालू करने के लिए कम से कम चार डॉक्टर, दस जीएनएम और छह वार्ड बॉय की जरूरत है, जो अब तक उपलब्ध नहीं कराए जा सके हैं।

इसका सीधा असर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं पर पड़ रहा है। जटिल प्रसव, नवजात संक्रमण और गंभीर मामलों में समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है।

एसडीएम राकेश कुमार ने बताया कि समाजसेवी द्वारा दिया गया पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य महकमा इन बंद पड़ी जीवनरक्षक इकाइयों को कब तक चालू कर पाता है, या फिर ये योजनाएं यूं ही कागजों तक सीमित रह जाएंगी।

# खेल सुविधाओं के अभाव पर प्रशासन सख्त चंदा पंचायत में मैदान निर्माण की कवायद तेज

**केटी न्यूज/चक्की**

प्रखंड की चंदा पंचायत में लंबे समय से खेल मैदान की कमी को लेकर उठ रही आवाज अब असर दिखाने लगी है। युवाओं की लगातार मांग और शिकायत के बाद बिहार सरकार के निगरानी विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हस्तक्षेप किया है। विभाग ने खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

यह मामला ह्रदिल से खेलो मिलकर जीतोह्व अभियान और 7 निश्चय योजना (पार्ट-3) के तहत पंचायत स्तर पर खेल सुविधाओं के विकास की मांग से जुड़ा है। 8 फरवरी को ईमेल के माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायत को अब आधिकारिक संज्ञान में लिया गया है। इससे संकेत मिल रहा है कि चंदा पंचायत में खेल अधोसंरचना के विकास की दिशा में ठोस पहल हो सकती है।

गौरतलब है कि पंचायत के युवाओं के पास प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में उनकी क्षमता निखर नहीं पा रही है। फुटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी जैसे खेलों में रुचि रखने वाले युवा अभ्यास के लिए उपयुक्त मैदान और प्रशिक्षण सुविधाओं से वंचित हैं। इसके कारण स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियां सीमित होकर रह गई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि खेल सुविधाओं की कमी युवाओं को नकारात्मक गतिविधियों की ओर भी मोड़ सकती है। ऐसे में समय रहते खेल मैदान और क्लबों का निर्माण आवश्यक है, ताकि युवाओं को सही दिशा मिल सके।

निगरानी विभाग की पहल से पंचायतवासियों में उम्मीद जगी है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि प्रशासनिक निर्देश कितनी जल्दी धरातल पर उतरते हैं। यदि योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से होता है, तो चंदा पंचायत खेल विकास के क्षेत्र में एक नई पहचान बना सकता है और अन्य पंचायतों के लिए उदाहरण साबित हो सकता है।

# डेहरी : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समृद्धि यात्रा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

- विकास योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री ने दी 480 करोड़ की सौगात
- मुख्यमंत्री बोलें...2005 के जंगलराज के बाद बिहार हुआ भयमुक्त



**केटी न्यूज। रोहतास**

मंगलवार को रोहतास जिले के डेहरी में अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास योजनाओं की सौगात दी और कानून-व्यवस्था पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के डेहरी बीएमपी ग्राउंड पर आगमन होते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने सर्वप्रथम सोन नदी में उपलब्ध सतही जल के उपयोग हेतु निमार्णाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के इंटेक वेल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार ने डेहरी में कुल 480.09 करोड़ रुपये की 308 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। जिसके तहत 158.59 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और 321.5 करोड़ की नई परियोजनाओं की नींव रखी गई। उन्होंने डेहरी स्थित नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। यह प्लांट 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान का हिस्सा है और सोन नदी के पानी को फिल्टर कर स्थानीय निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएगा।

**सुशासन और कानून व्यवस्था हुई सख्त :** उक्त मौके जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के जंगलराज के बाद से बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब राज्य में "डर का माहौल नहीं है" और हर तबके, विशेषकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किया गया है।

**सोन ड्राइव व डेहरी को जिला बनाने पर चर्चा :** स्थानीय स्तर पर डेहरी को जिला बनाने और 'सोन ड्राइव' के निर्माण की मांग प्रमुखता से उठती रही है, जिसका जिक्र स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी किया। साथ ही विकसित बिहार के संकल्प अंतर्गत मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बिहार अब तेजी से विकसित होगा और जनता के सहयोग से समृद्ध बिहार का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। मुख्यमत्री के समृद्धि यात्रा में मौजूद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी अपने संबोधन में राज्य में लोगों के रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे में सुधार पर मुख्य बातें कही।

# सम्राट चौधरी ने किया एलान : सुनसान पहाड़ पर बिहार सरकार बनाएगी हाई सिक्योरिटी जेल



**एजेंसी/रोहतास**

कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड के नौघरा खेल मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के तहत पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने करोड़ों की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी उट सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे, जिन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी घोषणाएं की। सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर ऐलान किया कि कैमूर के अधौरा पहाड़ पर बिहार सरकार हाई सिक्योरिटी जेल बनाएगी। यह जेल खासतौर पर उन अपराधियों और आतंकवादियों के लिए होगी, जिन्हें सामान्य जेलों में रखना संभव नहीं है। इस जेल की सुरक्षा बेहद कड़ी होगी, और इसे बाहरी दुनिया से पूरी तरह अलग रखा जाएगा। सम्राट चौधरी ने बताया कि यह जेल सुनसान पहाड़ पर बनाई जाएगी, जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं होगा। जेल तक पहुंचने के लिए केवल एक ही रास्ता होगा, और उस रास्ते पर हर कदम पर सुरक्षा निगरानी होगी। जेल के आसपास कोई भी व्यक्ति भटक नहीं सकेगा। यहां अत्यंत गंभीर अपराधियों को रखा जाएगा। इससे पहले फरवरी 2026 में भी हाई सिक्योरिटी जेल बनाने की योजना की घोषणा हो चुकी थी। प्रशासन का मकसद है कि इस जेल के जरिए अपराधियों पर सख्त नियंत्रण रखा जा सके और राज्य में कानून व्यवस्था और मजबूत हो। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी उट सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार की उपलब्धियों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि कैमूर के पहाड़ों पर पहले कोई बुनियादी व्यवस्था नहीं थी, लेकिन सरकार ने यहां डिग्री कॉलेज और अन्य विकास कार्य शुरू किए। इसके अलावा, सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार का विकास हर तरफ नजर आ रहा है। चाहे सड़कें हों, बिजली के नेटवर्क हों या पानी की सुविधा, सरकार ने इसे सभी जिलों तक पहुँचाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में हुए विकास कार्यों की भी सराहना की।

## समृद्धि यात्रा का माहौल

चैनपुर प्रखंड के नौघरा खेल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जैसे ही मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आसमान में मंडराने लगा, समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और उन्होंने जोरदार नारेबाजी की। सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था पहले से ही चाक-चौबंद थी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का मकसद जन-कल्याण और विकास को गति देना है। समृद्धि यात्रा का उद्देश्य भी यही है कि आम जनता तक योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचे।कैमूर जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी उट सम्राट चौधरी की उपस्थिति ने जनसमुदाय में उत्साह और विश्वास पैदा किया। हाई सिक्योरिटी जेल की घोषणा से कानून व्यवस्था को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। वहीं, विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास ने यह संदेश दिया कि बिहार में विकास और सुरक्षा दोनों को समान प्राथमिकता दी जा रही है। समृद्धि यात्रा ने यह दिखाया कि राज्य सरकार सुरक्षा और विकास दोनों पर विशेष ध्यान दे रही है, और इसका लाभ सीधे जनता तक पहुँच रहा है।

## सम्राट चौधरी ने की मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ

कार्यक्रम के दौरान डिप्टी उट सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार की उपलब्धियों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि कैमूर के पहाड़ों पर पहले कोई बुनियादी व्यवस्था नहीं थी, लेकिन सरकार ने यहां डिग्री कॉलेज और अन्य विकास कार्य शुरू किए। इसके अलावा, सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

# श्रीराम मयार्दा,सत्य,त्याग और आदर्शो की सजीव प्रतिमूर्ति : साध्वी शैलप्रिया पांडेय



**केटी न्यूज/रोहतास**

अयोध्या धाम से पधारी विख्यात कथावाचक साध्वी शैलप्रिया पांडेय ने बिक्रमगंज नगर के सासाराम रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर में अवस्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य राम कथा के दौरान ऐसा आध्यात्मिक वातावरण रचा कि पूरा क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा में डूब गया । साध्वी की ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को केवल कथा सुनने तक सीमित नहीं रखा,बल्कि उन्हें आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित किया । कथा के प्रत्येक प्रसंग में जीवन के गूढ़ सत्य और धर्म के मूल सिद्धांतों का सरल और प्रभावी संदेश समाहित था । कथा दौरान भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए साध्वी ने कहा कि श्रीराम मयार्दा,सत्य,त्याग और आदर्शो की सजीव प्रतिमूर्ति हैं । उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और कर्तव्य से कभी विचलित नहीं होना चाहिए ।वनवास का प्रसंग,पिता के वचन की रक्षा और प्रजा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का वर्णन करते हुए साध्वी ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया । कथा के दौरान कई बार ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा,जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया । साध्वी शैलप्रिया पांडेय ने भगवान राम के अनुजों भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जीवन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने भरत के त्याग को भाईचारे की सर्वोच्च मिसाल बताया, वहीं लक्ष्मण की सेवा भावना को अद्वितीय बताया । शत्रुघ्न की शांत, सरल और कर्तव्यनिष्ठ छवि को उन्होंने समाज के लिए प्रेरणादायक बताया । उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि आज के दौर में जब रिश्तों में दूरी और स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, तब श्रीराम और उनके भाइयों के आदर्शो को अपनाकर ही समाज में प्रेम,एकता और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु,महिलाएं और युवा उपस्थित रहे । कथा के अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ,लेकिन साध्वी की वाणी से जागृत भक्ति और संस्कारों की अलख श्रद्धालुओं के हृदय में लंबे समय तक जीवंत रहने वाली है ।

# ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर चलकर इच्छाओं का त्याग कर देता है,तब सिद्धियां स्वयं उसके पास आ जाती हैं : ब्रजकिशोर चंद शास्त्री



**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज नगर स्थित मां आस्कामिनी मंदिर प्रांगण इन दिनों भक्ति,ज्ञान और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। यहां आयोजित धार्मिक कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि लोग आज भी आत्मिक शांति और जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक हैं। कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक बृज किशोर चंद्र शास्त्री ने ऐसा संदेश दिया,जिसने श्रोताओं के मन को गहराई तक झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जितनी अधिक इच्छाओं के पीछे भागता है,उतना ही वह अपने लक्ष्य से दूर होता जाता है । लेकिन जब वह ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर चलकर इच्छाओं का त्याग कर देता है,तब सिद्धियां स्वयं उसके पास आ जाती हैं। शास्त्री जी ने अपने प्रवचन में समझाया कि सच्ची भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं,बल्कि मन, वचन और कर्म से ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण है। उन्होंने कहा कि आज के युग में जहां हर व्यक्ति किसी न किसी अभिलाषा में उलझा हुआ है,वहीं भक्ति का मार्ग उसे इन बंधनों से मुक्त कर सच्चे सुख की अनुभूति कराता है। कथा के दौरान वातावरण इतना भावपूर्ण हो गया कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर घंटों तक प्रवचन सुनते रहे। हर-हर महादेवह्वऔर जय माता दी के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। कई श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का यादगार आध्यात्मिक अनुभव बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कथा ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी दिखाई है। आयोजन समिति के अनुसार इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और संस्कारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नवादा में रजौली के लाल यूपीएससी के सफल रवि राज पर हुई पुष्पवर्षा

- रवि की यूपीएससी सफलता देश में युवाओं के लिए बनी प्रेरणा
- बेटे की कामयाबी के लिए मां बनी नेत्रहीन रवि के आंखों की रोशनी



**केटी न्यूज/नवादा**

कहते है जब शिखर पर जाने के लिए हौसले बुलंद हो तो हर मंजिल आसान बन जाती है। कुछ इसी तरह का इतिहास रचने में सफल हुए बिहार के नवादा जिले के रहने वाले यूपीएससी में सफल रवि राज की सफलता की कहानी देश के मिसाल बन गई। उन्होंने अटूट संकल्प और कठिन परिश्रम का एक जीवंत उदाहरण देते हुए नेत्रहीन होने के बावजूद देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर सबको चकित कर दिया। सपने के ऊंचे शिखर पर सफलता के बाद रवि राज जब अपने ननिहाल पहुंचने पर लोगों ने उनके भव्य स्वागत में अपनी पलकें बिछा रखें थे। जहां सोमवार को जिले के रजौली अनुमंडल अपने ननिहाल गांव पहुंचते ही संजय सिन्हा के आवास आगमन होते ही दृष्टिबाधित रवि राज को लोगों ने फूल माला पहना पुष्पवर्षा करते हुए अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जिनके स्वागत में समाजसेवी रंजन कुमार,बंटी सिंह, दीपक सिंह,गगन शांडिल,अजय लाल,सानू सिन्हा सहित हजारों की संख्या में लोगो ने गाजे बाजे के साथ रोड़ शो करते उनके कामयाबी पर नारें लगाते हुए अपार प्यार दिया।रवि राज 5वें प्रयास में पहुंचे शिखर पर उन्होंने यूपीएससी का सफर कभी भी आसान नहीं होता। जिस परीक्षा में मेधावी छात्र भी इस परीक्षा की सफलता से वंचित रहे जाते है। लेकिन रवि राज के लिए भी यह सफर आसान नहीं था। जिन्हें यूपीएससी में पांचवें प्रयास में अपने दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने सामान्य वर्ग में 20वीं रैंक हासिल किया। इससे पूर्व सत्र 2024 की संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में भी उन्हें 182वीं रैंक हासिल किया था। जिस आधार पर उनका चयन भारतीय राजस्व सेवा के लिए हुआ था। फिलहाल वह 9 दिसंबर से महाराष्ट्र के नागपुर में आईआरएस अधिकारी के तौर पर अपनी ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसके अलावे यूपीएससी की तैयारी के दौरान ही उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग बीपीएससी की 69वीं परीक्षा में भी सफलता हासिल की थी। जिसमें उनका चयन राजस्व अधिकारी के पद पर हुआ था। जीवन में क्या थी रवि की चुनौतियाज्ञात हो कि रवि राज बिहार के नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड स्थित महुली गांव के रहने वाले हैं। जो एक सामान्य बालक के रूप में जन्मे रवि ने 7 वर्ष की आयु से अपनी आंखों की रोशनी खोना शुरू कर दिया था। तब वह वर्ष 2016 में 10वीं कक्षा में थे। जिसके बाद वह पूरी तरह से दृष्टिबाधित हो गए। एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले रवि के लिए संसाधनों की कमी और शारीरिक अक्षमता बड़ी बाधाएं थीं,लेकिन उन्होंने इसे कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। यूपीएससी सफलता का सफर :रवि राज का यूपीएससी का सफर निरंतरता और धैर्य की मिसाल है। उन्होंने अपने पहले प्रयास में प्रीलिम्स पास किया, लेकिन दूसरे और तीसरे प्रयास में वे प्रीलिम्स भी नहीं निकाल पाए। प्रथम सफलता 2024 में अपने चौथे प्रयास में उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 182 हासिल की और भारतीय राजस्व सेवा के लिए चुने गए।

## नेत्रहीन रवि राज की मां बनीं उनकी नेत्र

रवि राज सिन्हा की इस कामयाबी में उनकी मां विभा सिन्हा की भूमिका अतुलनीय रही है। क्योंकि रवि खुद पढ़ या लिख नहीं सकते थे इसलिए उनकी मां उन्हें घंटों किताबें पढ़कर सुनाती थीं और उनके लिए नोट्स तैयार करती थीं। साथ ही रसोई में काम करते समय भी वे यूट्यूब पर ऑडियो लेक्चर चलाकर रखती थीं,ताकि रवि निरंतर सीखते हुए शिखर पर पहुंचे। अपने बेटे के सफलता पर उनके पिता रंजन कुमार सिन्हा ने कहा कि बेटे रवि राज की उपलब्धि ने साबित कर दिया कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी शारीरिक बाधा आपको अपने लक्ष्य तक पहुँचने से नहीं रोक सकती।

## एक नजर

### काराकाट नगर पंचायत गोडारी पैक्स चुनाव का नामांकन 8-9 अप्रैल, मतदान-मतगणना 20 अप्रैल को

**रोहतास ।** नगर पंचायत के गोडारी पैक्स चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि मतदान और मतगणना दोनों 20 अप्रैल को ही होंगे। नामांकन प्रक्रिया 8 और 9 अप्रैल को चलेगी, जबकि नामांकन समीक्षा 10 और 11 अप्रैल को निर्धारित है। स्क्रूटनी भी इन तारीखों पर होगी।राहुल कुमार सिंह ने बताया कि कुल 2711 पैक्स मतदाता सूची में दर्ज हैं। जहां मतदान गोडारी स्थित राम रूप प्लस टू उच्च विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां कुल चार बूथ स्थापित होंगे। काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर पत्र चिपकाकर सभी जानकारियां सार्वजनिक कर दी गई हैं। उन्होंने अपील की कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। यह चुनाव स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और प्रतिनिधित्व को लेकर महत्वपूर्ण है। मतदाताओं से आह्वान किया गया है कि वे सक्रिय भागीदारी करें। प्रखंड प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नामांकन के लिए उम्मीदवारों को निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीण क्षेत्र में पैक्स चुनाव से किसानों और स्थानीय निवासियों के हित प्रभावित होंगे। काराकाट जैसे क्षेत्रों में यह चुनाव विकास योजनाओं की दिशा तय करेगा। प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाने का ऐलान किया है।

### स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह जी की आत्मा की शांति के लिए आयोजित हुई शोक सभा

**रोहतास।** रोहतास जिले के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जगजीवन छेदी राम उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरामपुर के प्राचार्य स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह जी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला सचिव सतीश कुमार पाण्डेय ने प्राचार्य अनिल कुमार सिंह जी के असामयिक स्वर्ग सिधार जाने को न केवल शिक्षा जगत अपितु समाज की अपूर्णिय क्षति बताया है। रोहतास जिले के चौक-चौराहों से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी इस घटना से लोग काफी मर्माहत दिखे। आम लोगों में स्वर्गीय प्राचार्य की व्यवहार कुशलता, ईमानदारी और सहयोगशीलता की चर्चा का माहौल बना है। समाज सेवी श्री सुदर्शन राय, लल्लू पाण्डेय, अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्र, शिवमुनी पाण्डेय, देवमुनी पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय, सुशील सिंह, गौतम तिवारी, कमलेश पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय आदि सैंकड़ों सम्मानित लोगों ने कहा कि हमने एक अद्वितीय समाज सेवी खो दिया जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।

### छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया संध्या अर्घ्य, घाटों पर उमड़ी भीड़

**रजौली।** प्रखंड अंतर्गत धनार्जय नदी पर मंगलवार शाम चैती छठ महापर्व के अवसर पर छठव्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य देव को संध्या अर्घ अर्पित किया। इस दौरान व्रतियों ने विधि-विधान से भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और खुशहाली की कामना की।शाम होते ही छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के कई गांवों से पहुंचे महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए छठी मईया की आराधना की। पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और घाट क्षेत्र जयकारों से गूंजता रहा। व्रतियों ने पूरी श्रद्धा और नियम के साथ अर्घ अर्पित किया।सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक चैती छठ पर्व अब क्षेत्र के लगभग सभी इलाकों में व्यापक रूप से मनाया जा रहा है। चार दिवसीय इस महापर्व में स्वच्छता, संयम और आस्था का विशेष महत्व होता है। प्रशासन द्वारा भी घाटों पर साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### भोजपुर जिला टॉपर विक्की को विधायक ने किया सम्मानित

**पीरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट 2026 विज्ञान संकाय की परीक्षा में 465अंक हासिल कर जिला टापर बने पीरो प्रखंड के जितौरा निवासी कृष्णा प्रसाद के पुत्र विक्की को पूर्व मंत्री सह विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा अंग वस्त्र,डायरी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल सही मार्गदर्शन की जरूरत है। विक्की ने अपनी प्रतिभा व मेहनत के बूते जिले में सर्वाधिक अंक हासिल कर पूरे भोजपुर जिला को गौरवान्वित किया है। विक्की की यह उपलब्धि इस मायने में खास है कि उसने सीमित साधनों के बीच अपनी मेहनत के बल पर इसे हासिल किया है। विधायक ने कहा कि हम सभी के लिए यह गौरव का क्षण है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, शिक्षक नेता गोरख नाथ सिंह उर्फ अरुण कुमार, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार,जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनुप पटेल, विपिन चौधरी, विमल कुमार, उपमुखिया सतेन्द्र कुमार, पूर्व मुखिया वीरेन्द्र साह, दिनेश प्रसाद, शिक्षक संतोष कुमार, चन्द्र भानू पांडेय, अनिल प्रसाद, जदयू मिडिया सेल के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बिहार दिवस समारोह प्रतियोगिता कार्यक्रम के साथ संपन्न

**पीरो।** तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह का मंगलवार को विधिवत समापन किया गया। इसके पूर्व समारोह के तीसरे दिन स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन, गणित ओलम्पियाड,क्वीज व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गणित ओलम्पियाड के (1-5) वर्ग में काजल कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिटोला को प्रथम, खुशी कुमारी ,विवेकानंद एकेडमी को द्वितीय तथा प्रीति कुमारी मध्य विद्यालय तरारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। गणित ओलम्पियाड (6-8) वर्ग में शशि शेखर मध्य विद्यालय पनवारी, गुडिया कुमारी मध्य विद्यालय तरारी व शौर्यम पाठक बालक मध्य विद्यालय पीरो का चयन किया गया। जबकि गणित ओलम्पियाड (9-12) वर्ग में मुस्कान कुमारी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुरमुरी ने प्रथम, कुश कुमार प्लस टू उच्च विद्यालय सेदहां को द्वितीय तथा विवेक कुमार आरएनबी पब्लिक स्कूल पीरो को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। चित्रांकन(9-12) वर्ग में माधुरी कुमारी प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो को प्रथम, ज्योति कुमारी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सिकरौल को द्वितीय तथा तनु कुमारी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय गहरुआं को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चित्रांकन (6-8) वर्ग में कृतिका उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुलुकुआं को प्रथम, बिट्टू कुमार मध्य विद्यालय कुरमुरी को द्वितीय तथा रिया कुमारी मध्य विद्यालय तरारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। चित्रांकन (1-5)वर्ग में श्रेयांस आरएनबी स्कूल पीरो को प्रथम, आदित्य कुमार कन्या मध्य विद्यालय कुरमुरी को द्वितीय तथा नंदिनी कुमारी मध्य विद्यालय तरारी को तृतीय स्थान मिला । मेंहदी प्रतियोगिता (9-12) वर्ग में आकृति कुमारी प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो को प्रथम, सोनी सिंह प्लस टू विद्यालय सेदहां को द्वितीय तथा प्रतिज्ञा कुमारी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भडसर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्थानीय शहीद भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी शंभू भारद्वाज, श्रेया बोस, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय पत्रकारों, अधिकारियों, काम्प्लेक्स रिसोर्स सेन्टर के संचालकों व समारोह को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरिफ रौनक व महिपाल सिंह ने किया। मौके पर पूनम देवी, नेहा कुमारी, दीप्ति शर्मा,अजय कुमार सिंह, सर्वजीत कुमार सिंह, भास्कर कुमार, शिक्षक नेता अजय कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह और मनोज कुमार मौजूद थे।

# विजय सिन्हा का बड़ा ऐलान: बिहार में अवैध मीट शॉप होंगे बंद बिना लाइसेंस नहीं खुलेगी दुकान



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगर विकास विभाग के कार्यों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नगर विकास विभाग के 100 दिन पूरे होने पर सभी को बधाई दी और कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि पहले सशक्त स्थायी समिति का चयन सीमित प्रक्रिया से होता था, लेकिन अब सभी पार्षदों के वोट से इसके सदस्य चुने जाएंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। वही कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि केवल रजिस्ट्रेशन वाले होर्डिंग ही लगाए जा सकेंगे, अन्य सभी अवैध माने जाएंगे। डस्टबिन खरीद में अनियमितता की शिकायत मिलने पर उसकी जांच भी कराई जा रही है।

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि बिहार में अवैध मांस बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा। बिना लाइसेंस के कोई भी मीट शॉप संचालित नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग बायलॉज में संशोधन किया जा रहा है, जिसे बिहार के भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार तैयार किया जाएगा। राजस्व बढ़ाने के लिए नई प्रणाली विकसित की जा रही है और सभी कार्यों को डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। अब भवन के नक्शे भी ऑनलाइन ही पास किए जाएंगे। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मानसून से पहले तैयारी के तहत विभाग एक व्हाट्सएप नंबर जारी करेगा, जिस पर नागरिक नाले जाम या अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करा सकेंगे। सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्थायी मोबाइल नंबर दिए जाएंगे, जो अधिकारी बदलने पर भी नहीं बदलेंगे। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अब सिर्फ खानापूर्ति नहीं चलेगी। इसके लिए प्रधान सचिव के नेतृत्व में एक कमिटी बनाई जा रही है। पार्किंग व्यवस्था में सुधार करते हुए अवैध वसूली पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। सभी पार्किंग स्थलों पर एक समान रेट चार्ट लागू किया जाएगा। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पटना मेट्रो रेल का काम तेजी से चल रहा है और मलाही पकड़ी क्षेत्र का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा बिहार म्यूजियम से पटना म्यूजियम के बीच सबवे निर्माण कार्य शुरू हो गया है। राज्य में 11 नए टाउनशिप बनाने का फैसला लिया गया है, जिन्हें प्लांड सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार ग्रीन सिटी के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पहली बार सभी नगर निकायों का ऑडिट कैग द्वारा कराया जाएगा। पहले यह कार्य विभाग के चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा किया जाता था।

# रोहतास को 480 करोड़ की सौगात : सीएम नीतीश कुमार बोले..बदल चुका है बिहार

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अपनी समृद्धि यात्रा के तहत रोहतास जिले के डेहरी पहुंचे, जहां उन्होंने जिले को बड़ी विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 480 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 308 योजनाओं का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री सुनील कुमार, मंत्री दीपक प्रकाश सहित कई जनप्रतिनिधि, विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहे। डेहरी पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने सबसे पहले वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और अधिकारियों से उसकी कार्यप्रणाली और व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद वे




डेहरी ऑन सोन स्थित इटढ मैदान पहुंचे, जहां एक जनसभा का आयोजन किया गया था। बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में विकास की रफ्तार काफी धीमी थी, लेकिन उनकी सरकार बनने के बाद लगातार हर क्षेत्र में काम हुआ है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे बुनियादी क्षेत्रों में हुए सुधार को प्रमुख उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को लेकर भी बात की और कहा कि पहले लोग शाम के बाद घर से निकलने में डरते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं भी सुरक्षित माहौल में अपने काम कर रही हैं। बिहार पुलिस में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी इसका उदाहरण है। इसके साथ ही सरकारी नौकरियों में भी महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने सामाजिक समरसता का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में सभी समुदायों के लिए समान रूप से काम किया गया है और अब आपसी सौहार्द बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि सभी वर्गों तक विकास का लाभ पहुंचे। कृषि क्षेत्र की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2008 के बाद कृषि रोड मैप बनाकर किसानों के लिए कई योजनाएं लागू की गईं, जिससे उत्पादन और आमदनी दोनों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार अब मछली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। बिजली व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 के बाद राज्य में तेजी से काम हुआ और लगभग हर घर तक बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि आम लोगों को राहत देने के लिए कई स्तर पर पहल की गई है, जिससे बिजली की उपलब्धता और स्थिति में सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं और पटना के पीएमसीएच को विश्वस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा रोहतास जिले में भी सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया गया है। इस मौके पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

## एक नजर

### पटना के आयो होटल में बड़ा कांड: शराब पिलाकर बॉयफ्रेंड ने किया गंदा काम

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर इलाके में एक 26 वषीर्या युवती के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता के बॉयफ्रेंड 28 वर्षीय अभिजीत पर दुष्कर्म का आरोप है। बॉयफ्रेंड पर गंभीर आरोप लगाते हुए युवती ने कहा कि उसे ड ड होटल ढ. ऱ्ँ में बुलाकर शराब पिलाई और फिर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। युवती उस समय होटल के कमरा नंबर 103 में थी। घटना के बाद अभिजीत दूसरे कमरे में चला गया और पीड़िता नशे की हालत में बेहोश हो गई। लगभग दो घंटे बाद होश आने पर युवती ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस जब होटल पहुँची, तब तक आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस ने पीड़िता को थाने ले जाकर मेडिकल जांच कराई। घटना 13 मार्च की बताई जा रही है। 15 मार्च को पीड़िता ने थाने में यौन शोषण की शिकायत दी और 23 मार्च को अपने माता-पिता के साथ पुलिस के सामने अपना बयान दर्ज कराया। इसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में पता चला कि पीड़िता और अभिजीत का लगभग 6 वर्षों से अफेयर चल रहा था। दोनों पटना में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान मिले थे। धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ीं और पिछले चार महीनों से दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। आरोप है कि अभिजीत ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन शोषण किया। पीड़िता के अनुसार, फरवरी में अभिजीत ने अपना किराए का फ्लैट छोड़ दिया और किसी अन्य जगह रहने लगा, जबकि वह गर्ल्स हॉस्टल में रहने लगी। इसी दौरान उसे पता चला कि अभिजीत की दूसरी जगह शादी तय हो गई है। 13 मार्च की रात अभिजीत ने युवती को मिलने के लिए बुलाया और अपने दोस्त गुड्डू बाबा के जरिए उसे होटल तक पहुँचाया। वहां दोनों के बीच शादी को लेकर बहस भी हुई।

### मुजफ्फरपुर में बंटी-बबली गिरफ्तार: यात्रियों को नशीला पदार्थ पिलाकर लूटपाट करते थे पति-पत्नी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रेल पुलिस की बड़ी कार्रवाई में नशीला पदार्थ पिला कर यात्रियों से लूटपाट करने वाले पति-पत्नी का जोड़ा गिरफ्तार किया गया। आरोपी पंकज कुमार (30) और उसकी पत्नी संयोगिता कुमारी (24) सदर थाना क्षेत्र के पताही मोहम्मदपुर के निवासी हैं। मुजफ्फरपुर रेल पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. वीणा कुमारी के कुशल निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नशीला पदार्थ पिलाकर लूटने वाले एक शातिर दंपति को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंकज कुमार (30 वर्ष) और उसकी पत्नी संयोगिता कुमारी (24 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जिले के सदर थाना क्षेत्र के पताही मोहम्मदपुर के रहने वाले हैं।यह पूरा मामला 21 मार्च 2026 को प्रकाश में आया, जब मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर 65 वर्षीय वृद्ध महिला सुगिया देवी बेहोशी की हालत में मिलीं। रेल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। होश आने पर पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसमें उन्होंने बताया कि स्टेशन पर एक महिला और पुरुष (जिनके साथ एक छोटा बच्चा भी था) उनके पास आकर बैठे। उन लोगों ने महिला को अपने विश्वास में लिया और उन्हें कोल्ड ड्रिंक पिलाई। ड्रिंक पीने के कुछ ही देर बाद महिला का सिर घूमने लगा और वे बेहोश होकर वहीं गिर पड़ीं।

# बिहार में एएनटीएफ और एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई 80 लाख की हीरोइन के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

बिहार के दरभंगा जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (पटना), एसटीएफ और सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय हीरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस कार्रवाई में कुल पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से 221 ग्राम हीरोइन बरामद की गई है। बरामद हीरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 से 80 लाख रुपये आंकी जा रही है। प्रशिक्षु आईपीएस डॉ. केतन अशोक इंगोले ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, पटना से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध तस्कर हीरोइन की खेप लेकर दरभंगा के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पहुंचने वाले हैं और वहां से पटना जाने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध बस से उतरे, पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 18 पैकेट में कुल 221 ग्राम हीरोइन बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में ही पुलिस को गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने पटना में छापेमारी कर दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मनीष सिंह (30 वर्ष) और कन्हैया कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है। इनके पास से भी 10 पैकेट हीरोइन बरामद की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर स्थानीय थाना के हवाले कर दिया गया है। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है कि इस गिरोह का नेटवर्क अंतर्राज्यीय स्तर पर फैला हुआ है। हीरोइन की यह खेप असम के गुवाहाटी और सिलचर इलाके से लाई जा रही थी। तस्कर पहले सिलचर से पूर्णिया पहुंचे और वहां से दरभंगा होते हुए पटना ले जाने की योजना थी। पुलिस को बरामद टिकटों से इस पूरे रूट की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार तीनों तस्कर मोतिहारी जिले के एक ही गांव के रहने वाले हैं और पहले भी गुवाहाटी में हीरोइन तस्करी के मामले में पकड़े जा चुके हैं। इससे यह भी संकेत मिल रहा है कि गिरोह लंबे समय से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था। सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क के तार नागालैंड तक जुड़े होने की भी आशंका है। वहीं गिरफ्तार पांच आरोपियों में से एक का नेपाल के पोखरा में होटल होने की भी जानकारी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# बेगूसराय में दिनदहाड़े एक्सिस बैंक में 6 नकाबपोश बदमाशों ने 3-4 लाख रुपये लूटे, गार्ड को किया घायल

**एजेंसी। बेगूसराय**

बेगूसराय जिले में अपराधियों का दुस्साहस एक बार फिर खुलकर सामने आया है। तेघड़ा थाना क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत हसनपुर गांव (वार्ड संख्या-2) स्थित अ७२ बैंक शाखा में मंगलवार को दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान बैंक के कर्मचारियों को बंधक बनाया गया और गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 6 नकाबपोश अपराधी तीन अपाचे बाइक पर सवार होकर बैंक पहुंचे। बैंक के गेट पर मौजूद गार्ड को निशाना बनाते हुए उन्होंने पहले फायरिंग की। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी, लेकिन उन्होंने पिस्तौल की बट से गार्ड को मारकर गंभीर चोट पहुंचाई। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग और बैंक कर्मचारी दहशत में आ गए। इसके बाद अपराधी हथियार लहराते हुए बैंक के अंदर घुस गए और कर्मचारियों को बंधक बनाकर काउंटर से नकदी लूटने लगे। शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार,




बदमाशों ने करीब 3 से 4 लाख रुपये की नकदी लूटकर महज कुछ ही मिनटों में फरारी साध ली। घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय के एसपी मनीष, तेघड़ा डीएसपी कृष्ण कुमार, थाना अध्यक्ष अमित कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बैंक परिसर को घेरकर जांच शुरू कर दी और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही बैंक के अंदर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। एसपी मनीष ने बताया कि प्रथम दृष्टया 3-4 लाख रुपये की लूट हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी का दावा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इलाके में नाकेबंदी कर संदिग्धों की तलाश की जा रही है। इस वारदात ने न केवल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि स्थानीय लोगों में भी भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि अगर दिन के उजाले में बैंक में इस तरह की घटना हो सकती है, तो आम लोगों की सुरक्षा पर गंभीर चिंता जाहिर होती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपराधी नकाबपोश और हथियारबंद थे, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह वारदात पूर्व योजना के तहत की गई थी। मौके से फॉरेंसिक टीम भी जुटी हुई है और बैंक के अंदर मिले सुरागों को सहेजा जा रहा है। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि अपराधियों की हरकत इतनी तेज थी कि वे कुछ मिनटों में नकदी लूटकर फरार हो गए। इस दौरान कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित करने की कोशिश की, लेकिन फायरिंग और पिस्टल की बट से हमला करने की वजह से सभी दहशत में आ गए। स्थानीय पुलिस लगातार संदिग्धों की खोज में लगी हुई है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर लोगों से सहयोग मांगा है। एसपी मनीष ने आश्वस्त किया कि पुलिस पूरी लगन और तत्परता से इस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर जनता के सामने लाएगी। यह घटना बेगूसराय जिले में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करती है। दिन में हुई इस लूट की घटना से स्थानीय लोगों में डर और असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अगर बैंक जैसी संवेदनशील जगह पर भी सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर हो सकती है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। पुलिस का दावा है कि जांच के कई पहलू एक साथ आगे बढ़ाए जा रहे हैं। बैंक के सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों के बयानों और इलाके में लगे सुरक्षा कैमरों के रिकॉर्ड की मदद से अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और बैंक के आसपास के सभी मार्गों पर पुलिस सतर्क नजर आ रही है।

# चैती छठ का तीसरा दिन: अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

## पटना के घाटों पर दिखी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**एजेंसी। पटना**

चार दिवसीय लोकआस्था का महापर्व चैती छठ का आज तीसरा दिन है। मंगलवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया। डूबते हुए भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना कर उन्हें अर्घ्य देकर परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पटना में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। छठव्रती अपने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ अर्घ्य देने छठ घाट पर




पहुंचे। छठव्रतियों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों ने भी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान पटना के गंगा घाटों पर लोगों की भारी भीड़ देखी गयी। कई छठ व्रतियों ने अपने-अपने घर के छत पर भी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। कल बुधवार को छठव्रती उदयगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही उनके 36 घंटे का निर्जला उपवास सम्पन्न होगा। चार दिवसीय चैती छठ महापर्व की शुरूआत रविवार 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ हुआ था। जिसके अगले दिन 23 मार्च दिन सोमवार को खरना पूजा किया गया। छठ व्रतियों ने भक्तिमयी माहौल में खरना का प्रसाद ग्रहण किया। गुड़, चावल और दूध से तैयार खीर के साथ रोटी के प्रसाद का भोग बड़े ही श्रद्धाभाव से चढ़ाया गया। जिसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य और बुधवार को उदायीमान सूर्य को अर्घ्य देने का साथ महापर्व छठ का समापन होगा। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व को व्रती पारण के साथ व्रत तोड़ेंगी। ऐसा माना जाता है कि छठ पूजा करने से परिवार का कल्याण होता है। साथ ही ये व्रत संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। जिन विवाहित जोड़ों को संतान प्राप्ति में दिक्कतें आ रही हैं वो छठी मैया के आशीर्वाद से संतान प्राप्ति कर सकते हैं। इसके साथ ही छठ पूजा में सूर्य देव की भी पूजा का विधान है जिनकी कृपा से व्यक्ति को करियर और कारोबार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है।

# रफ्तार का कहर! मंदिर से लौट रहीं दो बहनों को स्कॉर्पियो ने कुचला, लोगों का फूटा गुस्सा

**एजेंसी/जमुई**

जमुई-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दो चचेरी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।बैंक मोड़ के पास हुआ भीषण हादसायह हादसा बैंक मोड़ के समीप उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दोनों युवतियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रतनपुर निवासी स्वर्गीय बुद्धू सिंह की 18 वर्षीय पुत्री सीमा कुमारी और दिनकर कुमार की 20 वर्षीय पुत्री जुगनू कुमारी के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। रफ्तार का कहर! मंदिर से लौट रहीं दो बहनों को स्कॉर्पियो ने कुचला, लोगों का फूटा गुस्साजमुई-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से दो चचेरी बहनों, सीमा कुमारी और जुगनू कुमारी, की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थीं। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।जमुई-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दो चचेरी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई।